**ईआरनेट इंडिया**
**(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्था)**
**5वीं मंज़िल, ब्लॉक–I, ए विंग,**
**डीएमआरसी भवन, आईटी पार्क, शास्त्री पार्क,**
**दिल्ली – 110053**

ई आर नेट इंडिया साक्षात्कार के माध्यम से अनुबंध आधार पर निम्नलिखित पद को भरने का प्रस्ताव करता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया हैः

**पद का नाम:** मैनेजर (वित्त एवं लेखा)

| | |
|---|---|
| **अधिकतम आयु:** | 50 वर्ष |
| **मासिक पारिश्रमिक:** | ₹60,000/- से ₹80,000/- प्रति माह |
| **कार्यस्थल:** | दिल्ली |
| **कार्यावधि:** | प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए, जिसे आवश्यकता अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है |

## शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव:

सीए या सीएमए के साथ वित्त एवं लेखा क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का पोस्ट-क्वालिफिकेशन अनुभव।

## कार्य प्रोफ़ाइल:

परियोजनाओं का टेक्नो-कमर्शियल विश्लेषण, कराधान, खातों का अंतिमकरण, वैधानिक अनुपालन, परियोजना लेखांकन, वेतन लेखांकन, टैली में प्रविष्टियाँ एवं समायोजन आदि या समय-समय पर सौंपा गया कोई अन्य संबंधित कार्य।

## वांछनीय योग्यता:

टैली ई० आर० पी० सॉफ्टवेयर, एमएस एक्सेल, आयकर, जीएसटी, खातों का अंतिमकरण, निविदाओं, एमओयू एवं अनुबंधों के वित्तीय एवं कानूनी पहलुओं का व्यावहारिक ज्ञान, अच्छे संचार कौशल आदि।

इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु **अनुलग्नक –I** में दिए गए प्रारूप में अपना सीवी/बायोडाटा, शिक्षा/अनुभव/आयु/जाति आदि के स्वप्रमाणित प्रमाण-पत्रों के साथ ईमेल द्वारा **recruitment@ernet.in** पर **दिनांक 15.03.2025 को अपराह्न 04:00 बजे तक** भेजें।

(संक्षिप्त सूचीबद्ध उम्मीदवारों को ईमेल द्वारा साक्षात्कार के संभावित समय की सूचना दी जाएगी।)

उपरोक्त पदों पर नियुक्ति पूर्णतः अनुबंध आधार पर, निर्धारित वेतन एवं निश्चित अवधि के लिए परियोजना/गतिविधियों के अंतर्गत की जाएगी। किसी विशिष्ट परियोजना/गतिविधि हेतु चयनित उम्मीदवारों के संबंध में ई आर नेट इंडिया का निर्णय अंतिम होगा।

## अन्य शर्तें:

चयनित उम्मीदवार को प्रारंभ में एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे परियोजना की अवधि (अधिकतम तीन वर्ष से अधिक नहीं) तक बढ़ाया जा सकता है या प्रदर्शन एवं परियोजना की आवश्यकता के

आधार पर घटाया भी जा सकता है। संगठनात्मक हित में, उम्मीदवार को ई आर नेट इंडिया की परिचालन/सहायक गतिविधियों या किसी प्रायोजित परियोजना में स्थानांतरित किया जा सकता है।

यदि किसी एक रिक्ति हेतु 20 से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ई आर नेट इंडिया साक्षात्कार हेतु आवेदन छंटनी के लिए मापदंड निर्धारित कर सकता है। चयन हेतु दक्षता परीक्षा या अतिरिक्त साक्षात्कार भी आयोजित किया जा सकता है।

आयु सीमा, योग्यता एवं अनुभव की गणना साक्षात्कार की तिथि के अनुसार की जाएगी। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति चयन हेतु पात्र नहीं होंगे।

अनुभव से आशय न्यूनतम निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव है।

आवश्यक शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय/संस्थान/परिषद से होनी चाहिए।

मासिक समेकित पारिश्रमिक का विभाजन इस प्रकार होगा:

- 65% मूल वेतन
- 25% एचआरए
- 10% परिवहन भत्ता

पूर्ण कैलेंडर माह की अनुपस्थिति में परिवहन भत्ता देय नहीं होगा। समेकित वेतन के अतिरिक्त कोई अन्य यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

समेकित पारिश्रमिक के अतिरिक्त, ई आर नेट इंडिया के नियमों के अनुसार निम्नलिखित लाभ भी देय होंगे:

- मील कूपन
- मेडिक्लेम बीमा
- ओपीडी बिलों की प्रतिपूर्ति
- टर्म लाइफ इंश्योरेंस

एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट प्रदान की जाएगी।
आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को साक्षात्कार/परीक्षा के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।
ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों के प्रमाण-पत्र में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार क्रीमी लेयर में नहीं आता है।
ई आर नेट इंडिया को आयु/योग्यता/अनुभव या अन्य किसी भी पात्रता मानदंड में शिथिलता/संशोधन का अधिकार सुरक्षित है।
किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश या बाहरी प्रभाव उम्मीदवार की अयोग्यता का कारण बनेगा।
साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।

**रजिस्ट्रार एवं निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक)**

**अनुलग्नक–I**

**पद के लिए आवेदन**

1. पूरा नाम :
2. पिता/पति का नाम :
3. स्थायी पता :
4. वर्तमान डाक पता :
5. राष्ट्रीयता :
6. मोबाइल नंबर :
7. जन्म तिथि :

| दिनांक | माह | वर्ष |
|---|---|---|
| | | |

8. वैवाहिक स्थिति :

| *विवाहित* | *अविवाहित* |
|---|---|
| | |

9. श्रेणी :

| अनारक्षित | ओबीसी | अ.जा | अ.ज.जाति | पीएच ) एचएच ( | ईडब्ल्यूएस | पूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

10. शैक्षणिक और व्यावसायिक / योग्यताएँ

| परीक्षा का नाम उत्तीर्ण (परीक्षा/डिग्री) | बोर्ड / विश्वविद्यालय | कॉलेज / संस्थान का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्त अंकों का प्रतिशत/डिवीजन | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | | |
| इंटर | | | | | |
| स्नातक | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | |
| पेशेवर योग्यता | | | | | |
| अन्य | | | | | |

11. शिक्षा का माध्यम :

12. रोजगार का इतिहास कालानुक्रमिक क्रम में (वर्तमान/पिछले रोजगार से शुरू करके) और अनुभव (यदि कोई प्रशिक्षण हो तो उसे भी शामिल करें)

| क्र.सं.. | संगठन का नाम (मंत्रालय /विभाग /सरकारी संगठन /स्वायत्त निकाय /निजी संगठन) | पदनाम | यदि सरकारी संगठन / स्वायत्त निकाय में कार्यरत हों, तो यह स्पष्ट करें कि पद नियमित आधार पर या अस्थायी आधार पर या प्रतिनियुक्ति आधार पर है, अथवा किसी निजी संस्था में है। | अवधि | | वेतन (सीटीसी) रु. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से (dd/mm/yy) | तक (dd/mm/yy) | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

13. कुल पद-योग्यता उपरांत अनुभव (यानी, जिस पद के लिए आवेदन किया गया है, उसके लिए ज़रूरी योग्यता (संबंधित क्षेत्र में ) महीनों और सालों में ( :

14. किए गए काम का स्वरूप) यदि आवश्यक हो तो अलग शीट संलग्न करें) :

i) अध्यापन/प्रशिक्षण के दौरान :

ii) रोजगार के दौरान :

iii) पद के लिए प्रासंगिक कौशल :

15. शौक एवं रुचियाँ :

16. क्या आप अभी ईआरनेट इंडिया में काम कर रहे हैं या पहले काम कर चुके हैं : हां/न
अगर हाँ, तो विवरण दें।

17. क्या आपका कोई रिश्तेदार ईआरनेट इंडिया में काम करता है/करता था : हां/न
यदि हाँ, तो नाम, पदनाम और विभाग बताएं
जिसमें वह काम करता है/करती थी।

18. दो संदर्भ ) एक वर्तमान नियोक्ता से होना चाहिए ( :

19. चयन होने की स्थिति में कार्यभार ग्रहण करने के लिए आवश्यक समय :

20. कोई भी चिकित्सीय इतिहास / स्थिति, जो आपके सामान्य कर्तव्यों के निर्वहन में :
चुनौती उत्पन्न कर सकती हो और जिसके बारे में
ईआरनेट इंडिया को जानना आवश्यक हो।

21. यदि कोई अतिरिक्त जानकारी हो, जिसे आप पद के लिए :
अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहें।
आवश्यकता होने पर अलग शीट संलग्न करें।

**घोषणा**

मैं, एतद्द्वारा, पूरी ईमानदारी से घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सभी कथन तथा उनके समर्थन में प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेज मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं। मैं सहमत हूँ कि यदि कोई भी जानकारी असत्य पाई जाती है, तो ईआरनेट इंडिया किसी भी चरण में) चयन एवं कार्यभार ग्रहण करने के बाद भी (मेरी उम्मीदवारी रद्द कर सकता है तथा ईआरनेट इंडिया द्वारा उपयुक्त एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।”

स्थान: ______________ आवेदक का नाम ______________________

दिनांक: ________________ हस्ताक्षर_________________